जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-47 | जयपुर, सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## धारावाहिक म्हारी गलती कोनी का प्रसारण डीडी राजस्थान पर शुरू



जयपुर (हमारा वतन) निमावत हर्बल प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले निर्मित धारावाहिक म्हारी गलती कोनी का प्रसारण डीडी राजस्थान पर 19 दिसंबर को शाम 6 बजे से शुरू हुआ । रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने प्रदेशवासियों को इस सीरियल को अधिक से अधिक सपोर्ट करने की अपील की । म्हारी गलती कोनी धारावाहिक के निर्देशक बी एल मान ने बताया कि यह धारावाहिक राजस्थानी कला, संस्कृति एवं राजस्थानी भाषा को जन - जन तक पहुंचाने का प्रयास है । धारावाहिक में सामाजिक घटनाओं को बहुत ही मनोरंजक एवं हास्य में पिरोया गया है। यह धारावाहिक संपूर्ण परिजनों के साथ बैठकर देखने योग्य है ।धारावाहिक की शूटिंग राजस्थान के ग्रामीण अंचलों में की गई है। निर्माता डॉ अशोक निमावत तथा सह निर्माता सुरेंद्र शर्मा है । ललित राज सैनी द्वारा लिखित इस धारावाहिक के निर्देशक बीएल मान है तथा सह निर्देशिका दिवांशा अग्रवाल है । छायांकन मनोज झाला व पंछी शर्मा , संगीत निर्देशन शिखा मयंक शर्मा व मिस्टर साहनी तथा गीत पवन मिडढा ने लिखे हैं जिसे बाबू सिंह ने गाया है। संपादन नरेंद्र चौधरी व रितेश विश्वकर्मा ने किया है, रूप सज्जा बाबू भाई और वर्षा ने की है । धारावाहिक म्हारी गलती कोनी में मुख्य भूमिका मोनू शर्मा ,अंकिता योगी ,आकाश शर्मा, लोकेश सैनी ,अभी गोदारा, अवंतिका शर्मा,ममता अग्रवाल , श्योजी राम बिलपुरी, सुनील कुमावत, सजनी पारीक, कशिश शर्मा , डीके प्रजापत , आकाश मुरैना , निखिल चार्ली , अलीशा ,विकास ,संतोष ,मनीष ,संजय मारवाड़ी, धर्मराज ,कोमल ,प्रतिज्ञा, भवानी आदि ने निभाई है।

## 21 साल बाद भारत की हरनाज संधू बनीं मिस यूनिवर्स



इजरायल/चंडीगढ़ (हमारा वतन) भारत की हरनाज संधू मिस यूनिवर्स बन गई हैं। 21 साल बाद किसी भारतीय सुंदरी को यह खिताब मिला है। जीतने के बाद देश के नाम एक संदेश में उन्होंने कहा- चक दे फट्टे इंडिया, चक दे फट्टे। साल 2000 में लारा दत्ता मिस यूनिवर्स बनीं थीं। तब से भारत इस खिताब का इंतजार कर रहा था। 70वां मिस यूनिवर्स पेजेंट 12 दिसंबर को इजरायल में हुआ। इसमें हरनाज ने 79 देशों की सुंदरियों को पीछे छोड़ते हुए मिस यूनिवर्स का ताज पहना। मिस यूनिवर्स की रनर अप मिस पराग्वे नाडिया फेरेरा और सेकेंड रनर अप मिस साउथ अफ्रीका लालेला मस्वाने रहीं। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला को मिस यूनिवर्स कॉन्टेस्ट को जज करने का मौका मिला था। वे भारत की तरफ से ज्यूरी टीम का हिस्सा थीं। चंडीगढ़ की हरनाज संधू ने हाल ही में मिस दीवा मिस यूनिवर्स इंडिया 2021 का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद से ही उन्होंने मिस यूनिवर्स 2021 का ताज जीतने के लिए जी-जान से मेहनत शुरू कर दी थी। 21 साल की हरनाज पेशे से एक मॉडल हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के शिवालिक पब्लिक स्कूल से अपनी शुरुआती पढ़ाई की है। चंडीगढ़ से ही ग्रेजुएशन करने के बाद इन दिनों वे मास्टर्स की पढ़ाई पूरी कर रही हैं। उन्होंने मॉडलिंग और कई पेजेंट में जीत हासिल करने के बावजूद पढ़ाई से दूरी नहीं बनाई। हरनाज का पूरा परिवार खेती या ब्यूरोक्रेसी से संबंधित रहा है। 2017 में कॉलेज में एक शो के दौरान उन्होंने पहली स्टेज परफॉर्मेंस दी। उसके बाद यह सफर शुरू हो गया। उन्हें घुड़सवारी, तैराकी, एक्टिंग, डांसिंग और घूमने का बेहद शौक है। वे फ्री होती हैं तो इन्हीं शौक को पूरा करती हैं। भविष्य में मौका मिलने पर फिल्मों में भी काम करना चाहती हैं। 17 साल की उम्र तक हरनाज काफी इंट्रोवर्ट हुआ करती थीं। स्कूल में उनके दुबलेपन का मजाक भी बनाया जाता था। इस वजह से कुछ समय के लिए वे डिप्रेशन में रहीं, लेकिन परिवार ने हमेशा उन्हें सपोर्ट किया। वे फूडी हैं पर फिटनेस का भी ख्याल रखती हैं।

## सांवरिया म्यूजिक कंपनी का हुआ भव्य शुभारंभ



जयपुर (हमारा वतन) टांटीयावास सूर्य वाटिका रोड पर खजूर वाले बालाजी के पास सांवरिया म्यूजिक कंपनी का भव्य शुभारंभ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव के कर कमलों से संपन्न हुआ ।छुट्टन यादव ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रिकॉर्डिंग स्टूडियो का खुलना बहुत बड़ी बात है । शहरों के बजाय अब ग्रामीण स्तर पर भी गायक कलाकारों को सुविधा मिल सकेगी , जिससे समय और पैसे की बचत होगी । स्टूडियो संचालक को मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं । विशिष्ट अतिथि लालचंद झाझडा ने कहा की ग्रामीण परिवेश में उभरते हुए कलाकारों के लिए सांवरिया म्यूजिक कंपनी एक अच्छा प्लेटफार्म साबित होगा , जो स्वागत योग्य है। स्टूडियो संचालक जोगिंदर चोपड़ा ने बताया कि हमारे स्टूडियो में राजस्थानी ,मारवाड़ी और हरियाणवी गानों के रिकॉर्डिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी । इस दौरान गायक कलाकार मंगल चंद भावरिया, प्रवीण भावरिया, प्रहलाद भावरिया, बाबूलाल चौधरी, हीरालाल राणा, बिरदी चंद गुर्जर, कवि राम अवतार सैनी, बिरदी चंद मीणा,श्योपाल शर्मा,जगदीश गुर्जर, जगदीश सैनी, कैलाश मीणा, सोनू ,विस्की, राजू राणा, पप्पू कुमावत, तुलसी कुमावत, पूरण राणा, प्रदीप राणा, महेश जांगिड़ ,मुन्ना लाल कुमावत, पप्पू राणा, सुरज्ञान खोजी, राजेश चौधरी ,राजू जाट मौजूद रहे ।



## पूनम अंकुर छाबड़ा के जन्मदिवस पर हुआ रक्त दान शिविर का आयोजन

कोटपूतली (हमारा वतन) शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा के जन्मदिन के उपलक्ष पर कोटपूतली में छात्र नेता अंकित वीर गुर्जर द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 21 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान संदीप यादव, अंकित जाखड़, बिल्लू यादव, अंतराम पटेल, कृष्ण जांगल, अजीत यादव, अरविंद मीणा, वीरेंद्र, राकेश यादव, सोनू यादव, संदीप कुमावत वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## स्थानीय तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में कमजोर रुख के बीच देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, सीपीओ, पामोलीन सहित लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव में नरमी रही। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में 0.1 प्रतिशत की तेजी है, जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में फिलहाल एक प्रतिशत की गिरावट है। उसने कहा कि शिकॉगो एक्सचेंज की गिरावट की वजह से सोयाबीन के भाव प्रभावित हुए हैं और इसका असर बाकी तेल तिलहनों की कीमतों पर भी दिखाई दिया जिनके भाव कमजोर बंद हुए।

## उदयवीर को मिला शान ए इंडिया राष्ट्रीय सम्मान



अलवर (हमारा वतन) बॉलीवुड अभिनेता रजा मुराद ने उदयवीर के बलिदान के लिए कहा कि देश सैनिक उदयवीर का कर्ज नहीं चुका सकता है । उदयवीर ने दोनों पैर देशसेवा में गंवा दिए, इसलिए हम आज लोग अपने पैरो पर खड़े हैं । यह बात अलवर में निशा होम केयर सोसायटी द्वारा आयोजित शान - ए-इंडिया अवार्ड सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कही । अलवर में निशा होम केयर सोसायटी द्वारा आयोजित शान - ए-इंडिया अवार्ड सम्मान समारोह में सेना के जांबाज भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव को मुख्य अतिथि रजा मुराद द्वारा सम्मानित किया गया। उदयवीर सिंह यादव एक ऐसी शख्सियत है जिनके दोंनो पैर सेना में सेवा के दौरान दुर्घटना में चले गए, लेकिन अपने जज्बे और जूनून से आज वो मुकाम हासिल किया है। जो हिन्दुस्तान के लिए गर्व का विषय है। शान ए इंडिया सम्मान समारोह में उदयवीर को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि अलवर जिले में जन्मे उदयवीर की जन्मभूमि अलवर है, लेकिन कर्मभूमि पूरा हिन्दुस्तान है। गांव अहीर भगोला तहसील मुण्डावर जिला अलवर में अक्टूबर 1969 में जन्मे उदयवीर की जिंदगी संघर्ष पूर्ण रही है ।

## राजपूत सभा चौमूं का रक्तदान शिविर 2 जनवरी को

चौमूं (हमारा वतन) श्री राजपूत सभा चौमूं द्वारा 2 जनवरी को रक्तदान शिविर करवाने का निर्णय लिया गया है । प्रेस प्रवक्ता विक्रम सिंह जोधा ने बताया कि 2 जनवरी को नाथा जयंती मनाने के साथ मोरीजा ग्राम स्थित गढ़ में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर एकत्रित करने के लिए विभिन्न टीमें बनाई गई है । सभा के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह नाथावत ने इस संबंध में विभिन्न गांवों का दौरा करके ज्यादा से ज्यादा राजपूत समाज के लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के साथ उन्हें रक्तदान में शामिल होने तथा रक्तदान करवाने के लिए सार्थक प्रयास करने की अपील की ।

# राजस्थान लोक सेवा आयोग का 73 वां स्थापना दिवस 22 दिसम्बर को

जयपुर (नि.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह राठौड ने बताया कि 22 दिसम्बर, 1949 को प्रथम नियुक्ति के साथ ही राजस्थान लोक सेवा आयोग अस्तित्व में आया था। इसी उपलक्ष्य में आयोग का 73 वां स्थापना दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ 22 दिसम्बर को आयोग परिसर में मनाया जाएगा। डॉ. राठौड ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:00 बजे दीप प्रज्जवलन के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग की गौरवमयी इतिहास यात्रा व नवाचारों पर आधारित एक शार्ट डाक्यूमेंट्री वीडियो का भी आयोजन में प्रदर्शन किया जाएगा।

## छात्र हित में मोबाइल फोन का उपयोग

आज छात्र इस वैज्ञानिक युग में विभिन्न उपकरणों का उपयोग करते हैं। जैसे मोबाइल , कंप्यूटर, आईपॉड, आदि। छोटे से छोटा बच्चा भी मोबाइल फोन के प्रयोग से परिचित है। आजकल छात्र अपने मित्रों से संपर्क करने के लिए इसका प्रयोग करते हैं। कई बार तो वह लंबे समय तक मोबाइल पर बातें भी करते रहते हैं। जिनसे उनकी पढ़ाई व अन्य कार्य भी प्रभावित होते हैं। मोबाइल का लंबे समय तक उपयोग करने से या बात करने से सुनने की क्षमता में भी कमी आ सकती है। मोबाइल पर खेल - खेलने से छात्रों के देखने की शक्ति भी प्रभावित होती है। मोबाइल के अधिक प्रयोग के कारण कई छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता से अपनी कुछ बातें छुपा लेते हैं और वह गलत राह पर चलकर अपना भविष्य खराब कर लेते हैं। मोबाइल फोन एक बुनियादी सुविधा जरूर है पर उसका सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही मनुष्य के हाथ में है। यह एक तकनीक है जिसका सदुपयोग होना चाहिए।


झील सैन
(कक्षा - 6)

## अजय चौहान भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत

जालोर (हमारा वतन) भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रितेश राठौड़ ने गांव सरदारगढ़ जिला जालोर के अजय चौहान को राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।अजय चौहान को राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद मनोनीत करने पर जालोर जिले में ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान में व प्रवासी राजस्थानियों में खुशी की लहर है। इस मौके पर अजय चौहान को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयां देने का तांता लगा हुआ है। राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत करने पर अजय चौहान ने भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रितेश राठौड़ का आभार जताया है।



# विधायक रामलाल शर्मा की अनुशंषा पर मिली सड़क निर्माण की स्वीकृति

जयपुर (हमारा वतन) विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सामोद रोड से खेड़ापति आश्रम तक सड़क कार्य की स्वीकृति मिली है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सामोद रोड से खेड़ापति आश्रम तक गुजरने वाली सड़क के नवीनीकरण कार्य हेतु 16 लाख 27 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्य अभियंता जयपुर को पत्र लिखकर सड़क के पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो जाने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में आ रही परेशानी से अवगत कराया था।



विधायक शर्मा ने बताया कि सामोद रोड से खेड़ापति आश्रम जाने वाला 600 मीटर लम्बा रास्ता पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिससे आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब सड़क के नवीनीकरण की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है, जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## एनपीएस में निवेश पर लगने वाले शुल्क के नियम बदले

नई दिल्ली। पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी) आउटलेट के माध्यम से एनपीएस खातों में निवेश के लिए शुल्क में संशोधन किया है। नए नियम के मुताबिक, अब शुल्क अंशदान राशि के 0.25% तक होगा। साथ ही न्यूनतम शुल्क/शुल्क प्रति ग्राहक 20 रुपये से कम नहीं होगा। पहले न्यूनतम शुल्क की कोई सीमा तय नहीं थी।पीएफआरडीए की अधिसूचना के मुताबिक अधिकतम शुल्क/शुल्क अंशदान राशि का 0.25% होगा और ऊपरी सीमा 25,000 रुपये ही होगा।

# अनन्या पांडे ने शेयर की हॉट तस्वीरें, शाहरुख की बेटी सुहाना खान ने किया ये कमेंट

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अनन्या पांडे अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती है, जो तेजी से वायरल हो जाते हैं। ऐसे में एक बार फिर अनन्या पांडे ने अपने फोटोज शेयर किए हैं, जिन्हें फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं। काले कपड़ों में अनन्या पांडे काफी हॉट दिख रही हैं।अनन्या पांडे एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अपने देसी अवतार के फोटोज वीडियोज शेयर करती हैं तो वहीं दूसरी ओर वो अपने हॉट अंदाज से भी महफिल लूट लेती हैं। अनन्या पांडे ने ब्लैक ड्रेस में कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिन में वो बेहद कमाल की दिख रही हैं। अनन्या पांडे के इन फोटोज और वीडियोज को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं और कमेंट करते प्यार लुटा रहे हैं। वहीं इन फोटोज पर कई सितारों ने भी कमेंट किया है। अनन्या पांडे की दोस्त और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने भी कमेंट सेक्शन में ओह माय गॉड लिखकर आंखों में दिल वाला इमोजी इस्तेमाल किया है।याद दिला दें कि ये पहली बार नहीं है जब अनन्या की फोटोज वायरल हो रही है। अनन्या के बिकिनी फोटोज भी फैन्स खूब पसंद करते हैं। वहीं एक्ट्रेस भी अलग अलग अंदाज में फोटोज-वीडियोज शेयर करती रहती हैं। अनन्या पांडे के इंस्टाग्राम पर 20.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं, और एक्ट्रेस अभी तक 762 पोस्ट कर चुकी हैं। याद दिला दें कि कुछ दिनों पहले अनन्या पांडे ड्रग्स केस को एनसीबी की रडार पर थीं। न्यूज एजेंसी एएनआई के एक ट्वीट के मुताबिक, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अनन्या पांडे से कुछ संदिग्ध वित्तीय लेनदेन के बारे में पूछताछ की थी। इसके साथ ही अनन्या से शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान संग हुई वाट्सऐप चैट पर भी सवाल पूछे गए थे।वहीं बात अनन्या की फिल्मों की करें तो वो जल्दी ही विजय देवरकोंडा के साथ लाइगर में नजर आएंगी। पहले ये फिल्म 9 सितंबर को रिलीज होने वाली थी।लेकिन कोविड के चलते ये फिल्म डिले हो गई है। लाइगर हिंदी के साथ ही तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी।



### राज्य सरकार के सफल तीन वर्ष

### सरकार के तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर

## विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का किया अवलोकन

# मुख्यमंत्री ने 'आपका विश्वास-हमारा प्रयास' का शुभारम्भ किया

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की पत्रिका सुजस के संयुक्तांक का विमोचन भी किया

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार के तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में जवाहर कला केन्द्र में 'सेवा ही धर्म-सेवा ही कर्म' के संकल्प के साथ राज्य सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित चार दिवसीय प्रदर्शनी 'आपका विश्वास-हमारा प्रयास' का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की 21 स्टॉल्स पर जाकर उनका अवलोकन किया। विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर उन्होंने सम्बन्धित विभाग की उपलब्धियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों के साथ ही विभिन्न उपलब्धियों से जुड़े साहित्य तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की पत्रिका सुजस के संयुक्तांक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की स्टॉल पर किसानों से जैविक कृषि उत्पादों के बारे में जानकारी ली। परिवहन विभाग की स्टॉल पर उन्होंने सिमुलेटर में बैठकर ड्राइविंग टेस्ट की प्रक्रिया एवं ई-चालान के बारे में जाना। ऊर्जा विभाग की स्टॉल पर मुख्यमंत्री को चौमूं निवासी संतोष कुमार सैनी एवं तालेड़ा बूंदी निवासी ओमप्रकाश चौधरी ने 'मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना' के तहत मिली सब्सिडी के बाद आया शून्य राशि का विद्युत बिल दिखाया। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना से हजारों किसानों को राहत मिली है।





## दिव्यांगों को स्कूटी की चाबी, ट्राईसाइकिल एवं व्हीलचेयर भेंट



गहलोत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की स्टॉल पर वृद्धावस्था पेंशन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से मिले। उन्होंने दिव्यांगों को स्कूटी की चाबी, ट्राईसाइकिल एवं व्हीलचेयर भेंट की। गृह विभाग की स्टॉल पर मुख्यमंत्री ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र एवं पुलिस सखी से मिले और उनकी हौसला अफजाई की। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की स्टॉल पर उन्होंने नागौर लिफ्ट परियोजना के मॉडल का अवलोकन किया। वन विभाग की स्टॉल पर मुख्यमंत्री ने 'घर-घर औषधि योजना' के तहत किए जा रहे औषधीय पौधों के वितरण की जानकारी ली।

## डिजिटल प्रस्तुतीकरण देखा

मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की स्टॉल पर राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों का डिजिटल प्रस्तुतीकरण देखा। श्री गहलोत ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक निर्माण, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन, स्थानीय निकाय, आवासन मण्डल, शिक्षा, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, श्रम एवं नियोजन, सहकारिता, पर्यटन, डेयरी एवं पशुपालन विभाग तथा जेडीए की स्टॉल्स का अवलोकन किया।





# जॉब्स

1. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पद नर्स फार्मासिस्ट व अन्य, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2021
2. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद मोटर व्हीकल सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 197, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021
3. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी ग्राउंड ड्यूटी टेक्निकल और नॉन टेक्निकल, पद संख्या 317, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2021 4. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद ए पी आर ओ, पद संख्या 76, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 5. बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन, पद पेंटर, वेटर, मैकेनिक, ड्राइवर, पद संख्या 354, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2022
6. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पद सीबीओ, पद संख्या 1226, अंतिम तिथि 29 दिसंबर 2021
7. इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, पद टेक्नीशियन टी आई, पद संख्या 641, अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022
8. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद नाविक जीडी, नाविक डीबी, यांत्रिक, पद संख्या 322, अंतिम तिथि 14 जनवरी 2022

## रिकी पोंटिंग ने बताया एडिलेड टेस्ट में तेज गेंदबाजों के साथ इंग्लैंड ने क्या बड़ी गलती की

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने पांच मैचों की एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में टीम चयन को लेकर इंग्लैंड टीम मैनेजमेंट की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि टीम मैनेजमेंट को एडिलेड टेस्ट में तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह मार्क वुड को चुनना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया ने डे नाइट टेस्ट मैच की पहली पारी में नौ विकेट पर 473 रन बनाया और अपनी पारी घोषित कर दी। वोक्स ने पहली पारी में 103 रन देकर केवल एक ही विकेट चटकाए। पोंटिंग ने आगे कहा कि वुड की जगह वोक्स को शामिल करने से ऑलराउंडर बेन स्टोक्स पर काफी दबाव पड़ा है। पोंटिंग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मुझे ऐसा लग रहा था जैसे स्टोक्स को एक ही काम दिया गया हो, दौड़ना और गेंद के बाद बाउंसर फेंकना।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

सेवा ही कर्म सेवा ही धर्म
3 वर्ष आपका विश्वास हमारा प्रयास



अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

"राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार के सफल 3 वर्ष पूर्ण होने पर मैं सभी को हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख–समृद्धि, स्वस्थ जीवन और चहुंमुखी विकास की कामना करता हूँ। आइए हम सब मिलकर राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं संकल्पबद्धता से अपने कदम बढ़ाएं और मन, वचन व कर्म से इसमें सहभागी बनकर अपनी भूमिका निभाएं।"

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान

## खुशहाल जनता, समृद्ध राजस्थान, 3 वर्षों में हर चेहरे पर मुस्कान

# तीन वर्ष की उपलब्धि, सुशासन विकास और समृद्धि

**• बेहतरीन कोरोना प्रबंधन**
राजस्थान मॉडल स्टेट। दुनियाभर में सराहना। निकटवर्ती राज्यों के लोगों का भी किया मुफ्त इलाज

**• कोरोना में 'कोई भूखा ना सोए' का संकल्प**
32 लाख निराश्रित परिवारों को दी गई, प्रति परिवार 5500 रुपए की सहायता

**• मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना**
प्रत्येक परिवार को मिल रहा है 5 लाख रुपए का निःशुल्क इलाज

• जन घोषणा पत्र को किया नीतिगत दस्तावेज घोषित 70 प्रतिशत चुनावी वादे पूरे

• अब तक 21 लाख किसानों का लगभग 15000 करोड़ रुपए का ऋण माफ

• 5 वर्ष तक किसानों के लिए बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं

**• मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना**
प्रतिमाह 1000 रुपए बिजली बिल अनुदान। छोटे किसानों का बिजली बिल हुआ लगभग शून्य, अब तक 18000 करोड़ रुपए का अनुदान जारी

• एक लाख बेरोजगारों को मिली सरकारी नौकरी, एक लाख भर्तियां प्रक्रियाधीन, शीघ्र ही होगी नियुक्ति

• राज्य के 33 जिलों में से 30 में खुल रहे हैं मेडिकल कॉलेज

**• इंदिरा महिला शक्ति योजना**
महिला सशक्तिकरण के लिए 1000 करोड़ रुपए की निधि

**उड़ान योजना**
• समस्त किशोरियों और महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण

**• महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल**
अब तक 87293 विद्यार्थी नामांकित, 5000 से ज्यादा आबादी वाले हर गांव और कस्बे में खोले जा रहे 1200 विद्यालय

अधिक जानकारी के लिए जनकल्याण पोर्टल **www.jankalyan.rajasthan.gov.in** देखें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# विवाह की उम्र

भारत में महिलाओं के लिए शादी की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़कर 21 होने वाली है, इस फैसले पर बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मुहर लग गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में इशारा कर दिया था। प्रधानमंत्री ने तब कहा था, 'सरकार बेटियों और बहनों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है। बेटियों को कुपोषण से बचाने के लिए जरूरी है कि उनकी सही उम्र में शादी हो।' इसके लिए एक टास्क फोर्स की स्थापना हुई थी, जिसमें स्वास्थ्य मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, कानून मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। टास्क फोर्स ने पुरजोर तरीके से कहा था कि पहली गर्भावस्था के समय किसी महिला की आयु कम से कम 21 साल होनी चाहिए। देर से विवाह होने पर परिवारों की वित्तीय, सामाजिक और स्वास्थ्य की स्थिति मजबूत होती है। देर से शादी होने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि लड़कियों को ज्यादा पढ़ने और आजीविका चुनने का मौका मिलता है। जगजाहिर है कि बड़ी संख्या में लड़कियों की पढ़ाई शादी की वजह से बाधित होती है।मंत्रिमंडल से मंजूरी के बाद भी लड़कियों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र को 21 करने की प्रक्रिया में वक्त लग सकता है, क्योंकि इसके लिए अनेक बदलाव करने पड़ेंगे। बाल विवाह निषेध अधिनियम, विशेष विवाह अधिनियम और हिंदू विवाह अधिनियम में बदलाव जरूरी हैं। कानून में बदलाव के बाद सरकारों को महिलाओं की स्थिति सुधारने पर और ध्यान देना होगा। बेशक, विगत दशकों में बाल विवाह पर काफी हद तक रोक लगी है। लड़कियों की सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और स्वास्थ्य की स्थिति में काफी सुधार आया है, लेकिन अभी भी समाज में एक बड़ा तबका है, जो 18 साल की न्यूनतम विवाह उम्र को नहीं मान रहा है।



राम गोपाल सैनी

# गाली उसने दी तो, मैं क्या करूँ...


कल शाम एक कॉल आया,उसने किसी व्यक्ति का नाम लिया और पूछा कि क्या आप इस व्यक्ति को जानते हैं। मैंने कहा नहीं जानता ,सच में नहीं जानता था, उस नाम के व्यक्ति को। फिर कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा,नहीं जानता तो आप का रेफरेंस में नम्बर कैसे दिया। मैंने पूछा बात क्या है ! उसने कहा ,उसने लोन लिया है,भर नहीं रहा। मैंने कहा मुझे पूछ कर थोड़े ही न दिया है। मैं क्या जानू, इतने में उसने मेरे व्हाट्सएप पर उस व्यक्ति की फ़ोटो भेजी। फ़ोटो देखकर मैं पहचान गया। चूंकि गांव में उसे लोग दूसरे नाम से जानते हैं । जिस नाम से मैं वाकिफ़ नहीं था। उस शख़्स से मेरी मोबाइल पर कभी कोई बात ही नहीं हुई है । मैंने कॉल करने वाले व्यक्ति को बताया। कुछ देर बाद फिर कॉल आई ,इस बार जैसे ही कॉल रिसीव किया,वह गालियां बकने लगा। मैंने तुरन्त कॉल को बंद कर ब्लॉक कर दिया।

कुछ देर बाद फिर दूसरे नम्बर से कॉल आई। मुझे लगा उसी का है, सो मैंने उसे भी ब्लॉक कर दिया। सिर्फ दो गाली ही सुनी....

इतने में मेरे एक पुरूष स्टाफ ने जब यह बात जानी,तो मुझसे कहा-सर मुझसे बात करवा देते ,उसे ठीक कर देता। मैंने कहा ,तुम भी गाली ही देते। मैं उसे तो गाली देता ही नहीं,जो सामने गाली बक रहा हो,उसे कैसे दे सकता हूं, जिसे जानता भी नहीं। वह भी उसकी मां बहन को। अब मेरे पास गाली हैं ही नहीं,जो है ही नही,उसे कहाँ से दूं। मेरे पास की गालियां लगभग खत्म हो गई हैं,मां बहन वाली तो एक छटाक भी नही हैं। हां प्रेम में दी जाने वाली गालियां अभी बची हैं। ईस्वर करें,मैं भी कोशिश कर रहा हूँ। वह भी कोटा खत्म ही हो जाय। इस बदतमीज की सजा उसकी मां बहन को क्यों ! दो पुरुषों की बेवकूफी में नारी जाति का अपमान क्यों ! पर सदियों से यही होता आ रहा है...गालियां भी ज़्यादातर स्त्रियों पर ही केंद्रित हैं। हो सकता पुरुष वाचक गाली से ,पुरुषों का कम अपमान होता हो ! या हो सकता है,सम्मान का जो ज़्यादा प्रतीक हो उस पर चोट करने के कारण स्त्रियों पर केंद्रित गालियां अधिक है। यह तो अल्लाह ही जाने... खैर ! उसकी गाली को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए, आर बी आई की साइट पर ऑनलाइन कम्प्लेन तो कर दिया है। पता नहीं यह मैटर उनकी देखरेख में आता भी है या नहीं। मेरे नम्बर कई लोगों के पास हैं,इस तरह पहले भी कुछ लोगों ने मेरा नम्बर रेफरेंस में दिया है। तंग भी किया गया हूं। इसका कोई परमानेंट इलाज किसी मित्र को पता हो तो अवश्य अवगत कराएं।

रिकवरी एजेंटो पर तरस ही आता है,कि गाली गलौज को हथियार बनाकर रोजी रोटी चला रहे हैं। करोड़ो अरबों डकारने वालों को भी क्या ,इस तरह गाली मिलती होगी,पता नहीं ! यही गाली कुछ साल पहले मिलती तो बहुत कष्ट होता। क्योंकि पहले दूसरे की गलती में भी अपना अपमान नज़र आता था। अहम ज़्यादा था,अब थोड़ा कम अवश्य हुआ है। उसे गाली तो तब भी न देता। अब कष्ट भी नहीं...जिसमें मेरा कुसुर ही नही तो मैं क्या करूँ ! गलती उसने दी है,जिसने गाली दी। सुधार तो उसे करना है। मैं यदि बदले में गाली देता,तब भी पछताता। पर ऐसा हुआ ही नहीं,इसलिए कोई फिक्र नहीं...यह बात इसलिए शेयर कर रहा हूं, कि यदि कोई बिना बताए आप का नम्बर कहीं दे दे और आप के साथ कोई बदतमीजी करे तो क्या करें...

जिनके कारण गाली पड़ी उन महाशय का नाम सार्वजनिक करने की इच्छा नहीं हो रही है, इसलिए नहीं किया, हो सकता है, किसी मज़बूरी में लोन न भर पा रहे हों,ईश्वर उन पर कृपा करे। ताकि वे कर्ज भर पाएं...पर उन्हें मुझे एक बार अवश्य बताना तो चाहिए था। शायद अपने अहम से वे हार गए..!



लेखक - डॉ रमाकान्त क्षितिज
(संकलन- विनोद कुमार सीताराम दुबे शिक्षक)

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# सामोद थानाधिकारी पूजा पूनिया का पंडित रविंद्र आचार्य ने किया सम्मान



जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने सामोद थाने की पहली महिला थानाधिकारी पूजा पूनिया को पद ग्रहण करने पर सम्मान किया । तारा ज्योतिष साधना केंद्र के उपाध्यक्ष इंद्र वशिष्ठ ने बताया कि थाने में पहली महिला थानाधिकारी पूजा पूनिया का शॉल ओढ़ाकर, बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर और श्याम कलम देकर सम्मानित किया । इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान पंडित अमित आचार्य, सौरभ शर्मा, सुनील आचार्य आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे ।




## पर्यावरण मित्र अशोक पाल सिंह ने अपने जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण तथा पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन

उत्तराखंड (हमारा वतन) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजौली के शिक्षक एवं पर्यावरण मित्र अशोक पाल सिंह ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण तथा पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नजाकत अंसारी, अनुराग सिंह, हसीन शौकीन, अतुल, गोपाल सिंह ,विकास सिंह आदि मौजूद रहे ।

# माली समाज चौमूं में हुआ 'महात्मा ज्योतिबा फुले लाइब्रेरी ' का भव्य शुभारंभ

जयपुर (हमारा वतन) बस स्टैंड रींगस रोड स्थित माली समाज सभा भवन में महात्मा ज्योतिबा फुले लाइब्रेरी का शुभारंभ पूर्व विधायक और अखिल भारतीय सैनी समाज महासभा नई दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष भगवान सहाय सैनी और नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के कर कमलों से संपन्न हुआ ।



समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी ने आए हुए अतिथियों का माला, शॉल और साफा पहनाकर स्वागत किया । इसके पश्चात शिक्षाविद एवं संरक्षक राधेश्याम तंवर ने पुस्तकालय की महत्ता पर प्रकाश डाला । विष्णु कुमार सैनी चेयरमैन ने अपने संबोधन में लाइब्रेरी के विकास हेतु 21000 रुपए की राशि देने की घोषणा की । पूर्व विधायक सैनी ने लाइब्रेरी के विकास हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु जनचेतना लाने और भामाशाहों को अधिक से अधिक योगदान हेतु प्रेरित किया । उपस्थित सभी भामाशाहों का साफा बंधवाकर, माल्यार्पण कर सम्मानित किया । साथ ही आगामी 10 अप्रैल 2022 को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में 101 जोड़ों के विवाह करने का लक्ष्य समाज को दिया । सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं शिक्षा को जितना बड़ा करेंगे उतना ही समाज का नाम रोशन होगा, उतना ही समाज का विकास होगा । आज 41 युवक व 8 युवतियों का परिचय भी हुआ । मंच संचालन एवं प्रतिवेदन महामंत्री घीसा लाल तंवर ने दिया ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर भगवान सहाय सैनी, प्रभाती लाल सोनगरिया कोषाध्यक्ष, कन्हैया लाल पापटवान संयुक्त मंत्री, रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया सह कोषाध्यक्ष ,सूरजमल ठेकेदार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज, सायर सिंह तंवर भवन निर्माण समिति अध्यक्ष, शंकर लाल अधोपिया अध्यक्ष महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान, रामचंद्र तुदवाल, राधेश्याम तंवर, गणेश नारायण बेनाडिया, नानूराम सैनी पूर्व चेयरमैन एवं लाइब्रेरी में रजिस्ट्रेशन करवाने वाले विद्यार्थीयों के साथ अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे ।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा